RNI Title-Code :- RAJBIL27027

www.nagaurdaily.com

Email. nagaurdaily0@gmail.com

# नागौर डेली न्यूज

नागौर, कुचामनसिटी, डीडवाना, मकराना, परबतसर, जायल मेड़तासिटी, खींवसर, डेगाना व नावां से एक साथ प्रकाशित

अहसास बदलाव का...

वर्ष: 1 | अंक 155 | नागौर, 06 मई, 2022 (शुक्रवार) | मूल्य 5 रुपया | पृष्ठ 4 | E-Edition

## खुशखबरी : देश में 10 दिन पहले दस्तक देगा मानसून

नई दिल्ली।

बेतहाशा गर्मी के बीच सुकून देने वाली खबर है। यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम रेंज वेदर फोरकास्ट के मुताबिक, देश में इस साल मानसून 10 दिन पहले ही दस्तक दे सकता है। एजेंसी के मुताबिक केरल के तट से 20/21 मई को ही मानसून टकरा सकता है। बता दें कि अमूमन राज्य में मानसून जून के पहले हफ्ते में दस्तक देता है। इसके बाद यह देश के बाकी हिस्सों में पहुंचता है। एजेंसी के मुताबिक, बंगाल की खाड़ी में हालिया मौसम संबंधी बदलावों से संकेत मिलते हैं कि अरब सागर में एंटीसाइक्लोन क्षेत्र बन रहा है। इसकी वजह से मानसून केरल जल्द पहुंच सकता है। इसके प्रभाव से पश्चिमी क्षेत्र के दूसरे हिस्सों में भी बारिश हो सकती है।

**आईएमडी ने कहा- तय समय पर आएगा मानसून :** आईएमडी के मौसम वैज्ञानिक आनंद कुमार दास ने बताया कि



सैटेलाइट इमेजेस से जो जानकारी सामने आ रही है, उसके मुताबिक मानसून समय पर आने की पूरी संभावना है। केरल में यह 1 जून को दस्तक दे देता है। उन्होंने कहा कि भूमध्य रेखा के पास बादलों का एक समूह बना हुआ है, जो कि काफी सक्रिय है। ये संकेत दे रहा है कि मानसून की गतिविधियां जल्दी ही रफ्तार पकड़ेगी। वहीं, स्काईमेट वेदर सर्विसेज के महेश पलावत ने कहा कि ऐसा लगता है कि मानसून अपने अपेक्षित समय के आसपास शुरू हो जाएगा। एंटी-साइक्लोन बनता है तो शुरुआत में कुछ देरी जरूर हो सकती है।

**अब तक इन राज्यों को बदरा ने भिगोया :** भीषण गर्मी और लू के बीच पिछले 24 घंटों के दौरान राजधानी, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और पंजाब के कुछ हिस्सों के अलावा, बिहार, झारखंड, मणिपुर में अच्छी बारिश हुई है। वहीं, दक्षिणी राज्य आंध्र प्रदेश, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह में भी तेज आंधी और तूफान के साथ भारी बारिश हुई है। इसके साथ ही तेलंगाना, तटीय ओडिशा और आंतरिक तमिलनाडु में हल्की से मध्यम बारिश के साथ कुछ स्थानों पर भारी बारिश दर्ज की गई है। शेष पूर्वोत्तर भारत, शेष तमिलनाडु, तटीय कर्नाटक, रायलसीमा और जम्मू-कश्मीर में हल्की से मध्यम बारिश होती रही।

## जोधपुर के बाद सुलगा भीलवाड़ा

### दो लोगों पर जानलेवा हमले के बाद जमकर बवाल, 33 थानों की पुलिस तैनात, जोधपुर में तीसरे दिन भी कर्फ्यू



भीलवाड़ा।

राजस्थान में जोधपुर के बाद अब भीलवाड़ा सुलग रहा है। यहां सांगानेर में बुधवार रात को दो युवकों के साथ एक दर्जन से ज्यादा नकाबपोशों ने मारपीट करके उनकी बाइक जला दी। इसके बाद लोगों ने हमलावरों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर घायलों को हॉस्पिटल ले जाने का विरोध किया। हालांकि, पुलिस-प्रशासन की समझाइश के बाद घायलों को डिस्ट्रिक्ट हॉस्पिटल में भर्ती करा दिया गया। घायलो को इलाज के लिए ले जाने के बाद भी शहर में तनाव कम नहीं हुआ। हालात को देखते हुए सांगानेर इलाके में 33 थानों के 150 से ज्यादा जवानों को तैनात किया गया है। वहीं, गुरुवार सुबह पूरे जिले में इंटरनेट बंद कर दिया गया। इधर, जोधपुर में ईद पर जमकर बवाल हुआ था, जिसके बाद अभी भी शहर में कर्फ्यू लगा हुआ है। साथ ही इंटरनेट भी बंद रखा गया है।

### बुधवार की देर रात हुआ हमला

भीलवाड़ा के एसपी आदर्श सिद्धू ने बताया कि घटना बुधवार रात करीब दस बजे की है। यहां सांगानेर के करबला रोड पर बैठे हुए दो युवक आजाद और सद्दाम पर कुछ लोगों ने हमला कर दिया था। इसके बाद हालात बिगड़े। अब तक दोनों युवकों पर हमले की वजह का पता नहीं चल पाया है। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उनकी हालत खतरे से बाहर है।

### लोगों से शांति रखने की अपील

कलेक्टर आशीष मोदी ने बताया कि दोनों युवकों के साथ मारपीट और बाइक जलाने के मामले में पुलिस टीम हमलावर की तलाश में जुटी है। घटनास्थल के आसपास और शहर से बाहर जाने वाले रास्तों पर सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### जम्मू-कश्मीर में चुनाव की आहट

## कश्मीरी पंडितों के लिए सीट रिजर्व, जम्मू में 6 और कश्मीर में एक सीट बढ़ाई गई



नई दिल्ली।

केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में चुनाव की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। चुनाव से पहले विधानसभा सीटों का परिसीमन का काम भी पूरा हो चुका है। परिसीमन आयोग ने गुरुवार को एक मीटिंग की और फाइनल रिपोर्ट पर साइन कर दिया। इसमें निर्वाचन क्षेत्रों की संख्या और उनके आकार का ब्योरा है। केंद्र सरकार की मंजूरी के बाद चुनाव आयोग वोटर लिस्ट तैयार करने की कार्रवाई शुरू कर देगा। जम्मू-कश्मीर परिसीमन आयोग के अनुसार लोकसभा की पांच सीटों में दो-दो सीटें जम्मू और कश्मीर संभाग में होंगी जबकि एक सीट दोनों के साझा क्षेत्र में होंगी। यानी आधा इलाका जम्मू संभाग का और आधा कश्मीर घाटी का हिस्सा होगा। इसके अलावा दो सीटें कश्मीरी पंडितों के लिए भी रिजर्व रखी गई हैं। आयोग ने केंद्र शासित प्रदेश में सीटों की संख्या 83 से बढ़ाकर 90 करने का प्रस्ताव दिया है।

साथ ही पहली बार अनुसूचित जनजातियों के लिए 9 सीटों को रिजर्व करने कहा है। इनमें से 43 सीटें जम्मू और 47 सीटें कश्मीर में रहेंगी। इसके पहले 83 सीटों में 37 जम्मू और 46 कश्मीर में थीं।

केंद्र सरकार ने अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 खत्म करने और जम्मू-कश्मीर राज्य पुनर्गठन के बाद परिसीमन आयोग बनाया था। आयोग ने नए मसौदे में कश्मीर संभाग के बारामूला, कुपवाड़ा, श्रीनगर, कुलगाम और अनंतनाग जिलों में बदलाव किया है। कुपवाड़ा एकमात्र ऐसा जिला है, जिसमें विधानसभा क्षेत्र जोड़ा गया है।

## देश में 3,275 नए कोरोना केस मिले, 55 मरीजों की मौत

नई दिल्ली।

देश में कोरोना मामलों में फिर से इजाफा हुआ है। बीते 24 घंटे में देश में कोरोना के 3,275 नए केस सामने आए हैं जबकि 55 मरीजों की मौत हो गई। इससे एक दिन पहले मंगलवार को देश में कोरोना के 3,205 केस और सोमवार को कोरोना के मामले घटकर 2,568 हुए थे। वहीं, एक्टिव केस यानी इलाज करा रहे मरीजों की संख्या बढ़कर 19,719 हो गई है। बीते दिन 18,368 एक्टिव केस दर्ज किए गए, मंगलवार को एक्टिव मामलों की संख्या 19,509 थी। जबकि सोमवार को यह 13,137 हो गए थे। बता दें कि महामारी की शुरुआत से अब तक देश में कुल 5.23 लाख मरीजों की मौत हुई है। वहीं, देश में पॉजिटिविटी रेट 1.22% है। वहीं, टेस्टिंग के मामले में उत्तर प्रदेश अव्वल रहा। यहां 90,117 सैंपल टेस्ट किए गए हैं।

**दिल्ली में कोरोना से राहत नहीं :** अगर राजधानी दिल्ली की बात करें तो यहां कोरोना का कहर कम होने का नाम नहीं ले रहा है। बीते कई दिनों से यहां लगातार हजार से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। बीते दिन दिल्ली में 1354 नए केस सामने आए और एक मरीज की मौत हो गई। दिल्ली ऐसा राज्य हैं जहां हर रोज देश में सबसे अधिक कोरोना मामले दर्ज किए जा रहे हैं।

फिलहाल यहां 5,853 कोरोना संक्रमितों का इलाज चल रहा है। बीते दिन दिल्ली के बाद सबसे अधिक कोरोना केस हरियाणा में सामने आए। आंकड़ों के मुताबिक यहां 8,703 लोगों का कोरोना टेस्ट किया गया, इनमें से 571 लोग संक्रमित पाए गए हैं।

### दिल्ली में अब वैकल्पिक होगी फ्री बिजली

## जिन्हें सब्सिडी की जरूरत होगी, उन्हीं को मिलेगी : केजरीवाल

नई दिल्ली।



राष्ट्रीय राजधानी के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को बड़ा ऐलान किया। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने फ्री बिजली स्कीम को लेकर बड़ा फैसला लिया है। दिल्ली में बहुत लोगों को फ्री में बिजली मिलती है। इसके लिए दिल्ली सरकार सब्सिडी देती है। कई लोगों ने कहा कि हम लोग सक्षम हैं, हमें फ्री बिजली नहीं चाहिए। इसका इस्तेमाल आप विकास के लिए करें। मुख्यमंत्री केजरीवाल ने कहा कि अब हम लोगों से पूछेंगे कि क्या उन्हें बिजली की सब्सिडी चाहिए ? अगर वे कहेंगे की चाहिए तो हम देंगे और वे कहेंगे कि नहीं चाहिए तो हम नहीं देंगे। एक अक्टूबर से दिल्ली में उन्हीं लोगों को बिजली की सब्सिडी दी जाएगी जो लोग बिजली की सब्सिडी मांगेगे। उन्होंने बताया कि दिल्ली सरकार की कैबिनेट ने दिल्ली स्टार्टअप नीति को मंजूरी दी है। दुनियाभर की स्टार्टअप नीति को एकत्रित करके उनके अच्छे प्वाइंट्स को इसमें शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि दिल्लीवासी अगर प्रदेश में कोई व्यापार करना चाहते हैं तो सरकार उनकी मदद करेगी। इसमें पैसों की भी मदद शामिल है। उदाहरण के लिए मुख्यमंत्री केजरीवाल ने समझाया कि किराए, तनख्वाह, पेटेंट इत्यादि में सरकार मदद करेगी। उन्होंने कहा कि बिना गांरटी के कोलेटरल फ्री लोन दिलाने में सरकार मदद करेगी। इतना ही नहीं एक साल तक ब्याज मुक्त लोन मिलेगा।

### राजस्थान के दंगों पर सीएम की खुली चुनौती

## 7 राज्यों में दंगे हुए फिर बुलडोजर चले, दम हो तो गृहमंत्री जांच कमेटी बनाएं : गहलोत

उदयपुर।

राजस्थान में पहले करौली और फिर जोधपुर में दंगों के बाद दोनों पार्टियां एक-दूसरे पर आरोप लगा रही हैं। राजस्थान समेत देशभर में हुए दंगे पर सीएम ने एक बार फिर बीजेपी पर हमला बोला है।

उन्होंने बीजेपी और आरएसएस पर आरोप लगाते हुए कहा- यह लोग सब जगह आग लगा रहे हैं। उन्होंने अमित शाह को भी चैलेंज करते हुए कहा कि दम है तो इन दंगों की जांच के लिए कमेटी बनाएं। दरअसल, 13 से 15 मई को उदयपुर में चिंतन शिविर होना है। इसी की तैयारियों को लेकर बुधवार को सीएम अशोक गहलोत उदयपुर पहुंचे थे। गुरुवार को उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि 7 राज्यों में हुए दंगों की जांच केंद्रीय गृह मंत्रालय को करनी चाहिए। गहलोत ने दंगों को लेकर कहा कि इनकी तैयारी यही है कि आग लगाओ, क्योंकि ये अगला चुनाव हार रहे हैं। इनको मालूम पड़ गया है कि राजस्थान की जनता इस बार फैसला अपने तरीके से करेगी इसलिए मैंने कहा कि करौली का जो प्रयोग था इनका, वो लैबोरेटरी हो गई है एक प्रकार से और आपने देखा रामनवमी पर हमने दंगा नहीं होने दिया।

### अपनी-अपनी विचारधारा पर राजनीति करें पार्टियां

गहलोत ने कहा कि देश के अंदर जो हालात हैं वो बेहद चिंताजनक हैं। मैं सबसे अपील करना चाहूंगा चाहे वो किसी भी पार्टी के लोग हों। समय रहते हुए आप अपनी सोच बदलो। हम सब लोग भाईचारे के साथ रहे और अपनी-अपनी विचारधारा के साथ में राजनीति करें। हम कभी नहीं कहते आरएसएस-बीजेपी की विचारधारा एक है। वो उनके पास है, हमारी विचारधारा हमारे पास है। आज हम सत्ता में नहीं वो सत्ता में हैं। उनको क्या चाहिए, सत्ता में हैं वो तो। सीएम बोले कि आज हम सत्ता में नहीं वो सत्ता में हैं, तब भी अगर वो आग भड़काने की कोशिश करते हैं। संविधान की धज्जियां उड़ाते हैं। कानून के राज को डिस्टर्ब करते हैं तो कौन सरकार बर्दाश्त करेगी उनको। जनहित में फैसले करने पड़ेंगे। राजस्थान को बख्शो। हम सब मिलकर अपनी-अपनी राजनीति करें मगर ये किसी को अधिकार नहीं कि निर्दोष लोग मारे जाएं, आगजनी हो और दंगे भड़कें ये हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।



### सात राज्यों में दंगे हुए फिर बुलडोजर चले : गहलोत

गहलोत ने कहा- राजस्थान में सभी धर्मों के लोगों ने फूल बरसाए रामनवमी पर भी जुलूस पर भी। 7 राज्यों में दंगे हुए फिर बुलडोजर चले, सब जगह पर करौली में जो तरीका था दंगे भड़काने का, वो ही तरीका 7 राज्यों में था, इसकी भी जांच होनी चाहिए। अगर अमित शाह में दम है तो गृह मंत्रालय कमेटी बनाए। उसमें हाईकोर्ट-सुप्रीम कोर्ट के जज हो। गहलोत ने कहा कि ये मेरा मानना है कि वास्तव में 7 राज्यों में दंगे भड़के हैं करौली के बाद में। उसकी जड़ में क्या था। क्या भावना थी, किस रूप में दंगे भड़काने की प्लानिंग थी। इससे तमाम बातें सामने आ जाएगी, आगे दंगे होना बंद हो जाएंगे।

## बुलडोजर का टायर फटने से दो जनों की मौत

### रायपुर के स्टील प्लांट में हवा भरते समय हादसा

रायपुर।

रायपुर के सिलतरा इलाके में गुरुवार को एक हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। हादसा बुलडोजर का टायर फटने से हुआ। हादसे में मारे गए दोनों लोग मध्य प्रदेश के सतना जिले के रहने वाले थे। हादसे की जांच सिलतरा चौकी पुलिस कर रही है। हादसे की भयावहता प्लांट में लगे सीसीटीवी कैमरे से पता चली, जिसमें मजदूर के हाथ के चीथड़े उड़ते नजर आए। हादसा धनकुल स्टील नाम के एक प्लांट में हुआ है। लोडिंग वगैरह के काम के लिए यहां बुलडोजर मंगवाया गया था। जिसके टायर में हवा भरी जा रही थी। अचानक प्रेशर बढ़ने से धमाके के साथ टायर फट गया। हवा डालने का काम कर रहे राजपाल सिंह और प्रांजल नामदेव इसकी चपेट में आ गए।

**दोनों मजदूरों का सिर फट गया :** टायर से टकराने की वजह से दोनों का सिर फट गया। काफी खून बह जाने की वजह से दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।

आसपास और भी कर्मचारी मौजूद थे, धमाके की वजह से भाग कर उन्होंने अपनी जान बचाई। राजपाल और प्रांजल को बचने का मौका नहीं मिला। इस घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। दोनों कर्मचारी बुलडोजर के टायर को खोल कर उसके ऊपर बैठकर हवा डाल रहे थे।

## 13 दिन बाद खत्म हुआ इंतजार : जेल से रिहा हुए राणा दंपती

मुंबई।

अदालत से जमानत मिलने के बावजूद एक दिन जेल में काटने के बाद अमरावती से निर्दलीय संसद नवनीत राणा और वडनेरा से निर्दलीय विधायक रवि राणा को जेल से रिहा कर दिया गया है। हालांकि, तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण नवनीत राणा घर की जगह मुंबई के लीलावती हॉस्पिटल पहुंचीं हैं। नवनीत से मिलने उनके पति रवि राणा भी लीलावती पहुंचे हैं। अपने नेता की रिहाई की खबर से मुंबई से लेकर अमरावती तक उनके समर्थक जश्न में हैं। 23 अप्रैल से राजद्रोह के आरोप में राणा दंपती को गिरफ्तार किया गया था। नवनीत राणा के वकील दीप मिश्रा ने कह, जेल में रहने के कारण नवनीत राणा की तबीयत ज्यादा खराब हुई है।



## सम्पादकीय

# वक्त की जरूरत

महंगाई की रफ्तार थामने के लिए आखिरकार रिजर्व बैंक को अपना सबसे बड़ा हथियार चलाना ही पड़ा। करीब पौने चार साल बाद बुधवार को रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने रेपो दर 0.40 फीसद बढ़ाते हुए 4.40 फीसद कर दी। चौंकाने वाली बात यह है कि एमपीसी की यह बैठक बिना किसी पूर्व निर्धारित योजना के हुई। इसलिए समिति के इस फैसले से सबका हैरान होना लाजिमी है। लेकिन यह फैसला कोई अचानक नहीं लिया गया। एमपीसी की पिछली दो-तीन बैठकों से लगातार इस बात के संकेत मिल रहे थे कि केंद्रीय बैंक कभी भी नीतिगत दरें बढ़ा सकता है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास कहते भी रहे हैं कि नीतिगत दरों के मामले में उदार रुख को बहुत लंबे समय तक नहीं बनाए रखा जा सकता। पिछले महीने एमपीसी की बैठक में उन्होंने साफ कहा था कि बैंक की प्राथमिकता महंगाई को थामना है। इसलिए जल्दी ही नीतिगत दरें बढ़ाई जा सकती हैं। नीतिगत दरों में बढ़ोतरी रिजर्व बैंक की मजबूरी इसलिए बन गई कि महंगाई की दर उसके छह फीसद के निर्धारित दायरे से भी ऊपर निकल गई है। ऐसे में रिजर्व बैंक कब तक चुप बैठता? गौरतलब है कि महंगाई को लेकर लंबे समय से हाहाकार मचा है। खुदरा और थोक महंगाई दोनों नित नए रेकार्ड बना रहे हैं। खाद्य वस्तुओं और खाद्य तेलों सहित जिंसों और धातुओं के बाजार में भारी तेजी बनी हुई है। मार्च के महीने में ही महंगाई दर 6.95 फीसद पर पहुंच गई थी, जो सत्रह महीने में सबसे ज्यादा थी।

ऐसे में रिजर्व बैंक की यह जिम्मेदारी है कि वह खुदरा महंगाई दर को निर्धारित छह फीसद से ऊपर न जाने दे। इसीलिए अब एमपीसी के पास कोई चारा नहीं रह गया था, सिवाय इसके कि वह नीतिगत दरों में बढ़ोतरी का कठोर कदम उठाती। इसलिए भी कि अगर महंगाई इसी तरह बेकाबू होती रही तो अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल असर पड़ने लगेंगे। हालांकि महंगाई बढ़ने के कई कारण हैं। दो साल तक कोविड महामारी की वजह से अर्थव्यवस्था रसातल में चली गई। इसे पटरी पर लाने के लिए सरकार और केंद्रीय बैंक दोनों ही पहले से जूझ रहे हैं। हालात जैसे तैसे काबू में आने शुरू हुए तो रूस-यूक्रेन युद्ध छिड़ गया। इस वैश्विक संकट ने नए सिरे से मुश्किलें खड़ी कर दीं। सबसे ज्यादा मार कच्चे तेल के दामों से पड़ी। भारत में आज महंगाई जिस रेकार्ड स्तर पर पहुंच गई है, उसका बड़ा कारण पेट्रोल और डीजल के बढ़ते दाम हैं। आज भी पेट्रोल सौ रुपए से ऊपर बिक रहा है। मुश्किल यह है कि यूक्रेन संकट कितना लंबा खिंचेगा, कोई नहीं जानता। ऐसे में अगर महंगाई और बढ़ी तो देश नए संकट में फंस जाएगा। इसीलिए एमपीसी ने लगे हाथ यह भी कह दिया कि वह अगले महीने यानी जून में भी नीतिगत दरों में और इजाफा कर सकती है। अब जिस तरह के हालात हैं उनमें रिजर्व बैंक 'देखो और इंतजार करो' की नीति पर नहीं चल सकता। यह तो निश्चित है कि नीतिगत दरें बढ़ने से व्यावसायिक बैंक भी कर्ज महंगा करेंगे। आर्थिक गतिविधियों पर इसका असर पड़ना तय है। मांग में भी कमी आएगी। पर एमपीसी का यह कदम वक्त की जरूरत भी है। पिछले कुछ समय में अमेरिका सहित दूसरे देशों के केंद्रीय बैंकों ने भी महंगाई से निपटने के लिए दरें बढ़ाने जैसा कदम उठाया है। पिछले हफ्ते रिजर्व बैंक की मुद्रा और वित्त संबंधी जो रिपोर्ट आई है, उसमें भी साफ कहा गया है कि अर्थव्यवस्था को संभालने के लिए मौद्रिक और राजकोषीय नीतियों में संतुलन साधने की जरूरत है। नीतिगत दरें बढ़ाने का फैसला इसी दिशा में बड़ा कदम है।

# कैसे सुधरेगी गरीब की सेहत

**पिछले बजट के समय ही यह तय हो गया था कि भारत सरकार आयुष्मान योजना का दायरा बढ़ाएगी। अब शीघ्र ही इसमें और चालीस करोड़ लोगों को शामिल किया जाएगा। इस कदम से आबादी के बड़े हिस्से को आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिलने लगेगा। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस योजना के विस्तार मात्र से आम आदमी की स्वास्थ्यगत परेशानी और तमाम समस्याओं को कम किया जा सकेगा? गौरतलब है कि पचास करोड़ से ज्यादा लोग (दस करोड़ चौहत्तर लाख परिवार) इस योजना के दायरे में हैं। आयुष्मान योजना के तहत सालाना पांच लाख रुपए की बीमा सुरक्षा मिली हुई है। नेशनल हेल्थ अथारिटी (एनएचए)के मुताबिक आयुष्मान भारत और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना को नए कदम से विस्तार मिलेगा। लेकिन सवाल यह है कि समाज में बढ़ती गैरबराबरी और गरीबों की तादाद के हिसाब से, क्या मौजूदा केंद्र और राज्य स्तरीय स्वास्थ्यगत सेवाओं से जनस्वास्थ्य का लक्ष्य हासिल किया जा सकेगा? गौरतलब है, आयुष्मान भारत के तहत अभी महज आबादी के सबसे निचले चालीस फीसद हिस्से को स्वास्थ्य सुरक्षा मिली हुई है।**

बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर भारत में स्वास्थ्य सुविधा उद्योग पनप रहा है, जो पंद्रह फीसद सालाना की दर से बढ़ रहा है। यह उद्योग जनस्वास्थ्य के आंदोलन को कुंद करने वाला साबित हो सकता है। आज देशभर में बड़े-बड़े महंगे निजी अस्पताल खड़े हो गए हैं। ये शुद्ध मुनाफे के लिए काम करते हैं। आंकड़े के मुताबिक राज्य सरकारों की अलग-अलग योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा योजनाओं और निजी बीमा की विभिन्न योजनाओं को जोड़ भी लिया जाए तो कुल मिला कर आबादी का करीब सत्तर फीसद हिस्सा स्वास्थ्य बीमा सुरक्षा दायरे में आता है। यानी आबादी का तीस फीसद हिस्सा अब भी ऐसा है जो स्वास्थ्य सेवाओं से पूरी तरह वंचित है।

जिस तरह से आए दिन नई और पुरानी बीमारियों से लोग परेशान हो रहे हैं, उनसे निजात पाने के लिए नई स्वास्थ्य नीति कितनी कारगर हैं, यह बड़ा सवाल है। इसके बावजूद यह माना जा सकता है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिल कर जनस्वास्थ्य योजनाओं को नए रूप में विकसित कर देश के अंतिम व्यक्ति तक इनका लाभ देंगी। देश में सबसे खराब हालत स्वास्थ्य और रोजगार क्षेत्र की है। केंद्र और राज्य सरकारें इस बाबत तमाम कदम उठा चुकी हैं, लेकिन स्वास्थ्य क्षेत्र की सेहत में कोई सुधार दिख नहीं रहा। गौरतलब है, स्वास्थ्य क्षेत्र का मौजूदा ढांचा उन व्यक्तियों को व्यापक और जरूरत के मुताबिक स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराने में सक्षम ही नहीं हैं जो सेहत के मामले में जागरूक नहीं हैं।

मतलब साफ है, स्वास्थ्य सेवाओं के ढांचे, धन की उपलब्धता का ईमानदारी से उपयोग और जन जागरूकता- इन तीनों स्तरों पर अभी बहुत कुछ करने की जरूरत है। जनस्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि बढ़ती जनसंख्या, गरीबी और स्वास्थ्य क्षेत्र के कमजोर ढांचे की वजह से देश को कई पिछड़े देशों से भी ज्यादा समस्याओं से रूबरू होना पड़ रहा है। स्वास्थ्य सेवा से जुड़े हर मानक पर हम दुनिया के अति पिछड़े देशों जैसे दिखाई देते हैं। भारत में प्रसव के समय होने वाली शिशु मृत्यु दर प्रति एक हजार पर बावन है, जबकि भुखमरी के कगार पर खड़े श्रीलंका में यह दर मात्र पंद्रह है, गरीब देश नेपाल में अड़तीस है, भूटान में यह दर इकतालीस है और छोटे से देश मालदीव में बीस है। इसी तरह विकसित देशों में प्रति हजार लोगों पर अस्पतालों में बिस्तरों की उपलब्धता 2.3 है और भारत में प्रति हजार 0.7 ही है। जबकि भारत के पड़ोसी देश चीन में यह आंकड़ा 3.8 और श्रीलंका में 3.6 का है। इसी तरह चिकित्सकों की उपलब्धता के मामले में भी भारत दुनिया के कई देशों से काफी पीछे है। आंकड़े बताते हैं, वैश्विक स्तर पर चिकित्सकों की उपलब्धता प्रति हजार 1.3 है, जबकि भारत में यह महज 0.7 है। तमाम कवायदों के बावजूद भारत में चार लाख चिकित्सकों, सात लाख बिस्तरों और तकरीबन चालीस लाख नर्सों की कमी है।

गौर करने वाली बात है कि स्वास्थ्य सेवा पर खर्च का सत्तर फीसद निजी क्षेत्र से है, जबकि इस मामले में वैश्विक औसत अड़तीस फीसद है। यह तब है जब केंद्र और राज्य सरकारें दावा करती हैं कि आम आदमी के लिए स्वास्थ्य सेवाओं में अब हम पहले से बेहतर हालात में हैं। दावे और हकीकत में कितना अंतर है, इस आंकड़े



से पता लगता है कि चिकित्सा पर छियासी फीसद तक लोगों को अपनी जेब से खर्च करना पड़ता है। गैरसरकारी अस्पतालों में किस मनमाने तरीके से बीमारी और बेहतर इलाज के नाम पर लोगों का शोषण होता है, यह किसी से छिपा नहीं है। कोरोना काल में सरकारी अस्पतालों के जो हालात देखने को मिले, उससे पता चलता है कि स्वास्थ्य क्षेत्र को दुरुस्त बनाने के हर स्तर पर बदलाव की आवश्यकता है।

गौरतलब है कि तहसील और ब्लाक स्तर पर जो सरकारी अस्पताल हैं, वहां न पर्याप्त चिकित्सक तैनात होते हैं और जरूरत के मुताबिक न उनकी सेवाएं मिल पाती हैं। दवाएं भी ऐसी जो मर्ज को ठीक करने के बजाय दूसरी बीमारी ज्यादा पैदा करती हैं। दूसरी बात, गांवों में एलोपैथी अस्पतालों के अलावा होमियोपैथी, यूनानी, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा और योग जैसी कारगर चिकित्सा पद्धतियों पर चलने वाले सरकारी अस्पताल इने-गिने ही देखने में आते हैं। बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर भारत में स्वास्थ्य सुविधा उद्योग पनप रहा है, जो पंद्रह फीसद सालाना की दर से बढ़ रहा है। यह उद्योग जनस्वास्थ्य के आंदोलन को कुंद करने वाला साबित हो सकता है। आज देशभर में बड़े-बड़े महंगे निजी अस्पताल खड़े हो गए हैं। ये शुद्ध मुनाफे के लिए काम करते हैं।

केंद्र और राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि प्रत्येक अस्पताल जो स्वास्थ्य सेवा के नाम पर सरकारी मदद से खोले गए हैं, उनमें गरीब आदमी का इलाज समुचित तरीके से बगैर किसी भेदभाव के हो। यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि निजी चिकित्सा उद्योग कुछ चुने हुए शहरों तक सीमित न रहें और सार्वजनिक क्षेत्र से वित्त पोषण के लिए अधिक दबाव न डाला जाए। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य केंद्रों और उप स्वास्थ्य केंद्रों को विस्तार देने के साथ इनमें मौजूद खामियों को दूर किए जाने की जरूरत है। स्वास्थ्य केंद्रों और उप केंद्रों का एक व्यापक नेटवर्क देशभर में स्थापित होने के बावजूद यदि समान रूप से बिना भेदभाव के सबको बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं नहीं मिल पा रही हैं, तो यह गंभीर बात है। गौरतलब है कि स्वास्थ्य सेवाओं की बेहतरी के लिए इधर कुछ सालों से बजट में इजाफा किया गया है। बावजूद इसके देश की ग्रामीण और कस्बाई स्वास्थ्य सेवाओं की हालात दयनीय ही है।

## आज का राशिफल

### मेष
रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। प्रसन्नता तथा संतुष्टि रहेगी। यात्रा मनोरंजक हो सकती है। व्यापार-व्यवसाय में नए प्रयोग किए जा सकते हैं। समय की अनुकूलता का लाभ लें। धन प्राप्ति सुगम होगी।

### वृषभ
मित्रों का सहयोग करने का अवसर प्राप्त हो सकता है। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय मनोनुकूल चलेगा। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। यात्रा सफल रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे।

### मिथुन
विवाद को बढ़ावा न दें। बेवजह कहासुनी हो सकती है। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। थकान व कमजोरी रह सकते हैं। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनहानि की आशंका है। व्यापार-व्यवसाय में धीमापन रह सकता है।

### कर्क
यात्रा मनोनुकूल रहेगी। नया काम मिलेगा। नए अनुबंध होंगे। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। समय की अनुकूलता रहेगी, लाभ लें। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे।

### सिंह
कोर्ट व कचहरी के कार्य अनुकूल रहेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कारोबार लाभदायक रहेगा। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। घर-बाहर प्रसन्नता का वातावरण रहेगा। लेन-देन में सावधानी रखें।

### कन्या
भूमि-भवन व मकान-दुकान इत्यादि की खरीद-फरोख्त मनोनुकूल लाभ देगी। बेरोजगारी दूर होगी। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। भाग्य का साथ मिलेगा। चारों तरफ से सफलता मिलेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी।

### तुला
आत्मसम्मान बना रहेगा। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। भूले-बिसरे साथियों व संबंधियों से मुलाकात होगी। कारोबार में अनुकूलता रहेगी। स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

### वृश्चिक
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। क्रोध व उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। चोट व दुर्घटना से बड़ी हानि की आशंका बनती है, सावधानी आवश्यक है। लेन-देन में जल्दबाजी से बचें। आय बनी रहेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें।

### धनु
अध्यात्म में रुझान रहेगा। सत्संग का लाभ प्राप्त होगा। राजकीय बाधा दूर होकर स्थिति लाभदायक बनेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। आसपास का वातावरण सुखद रहेगा। पार्टनरों तथा भाइयों का सहयोग प्राप्त होगा।

### मकर
कार्यस्थल पर सुधार व परिवर्तन हो सकता है। योजना फलीभूत होगी। तत्काल लाभ नहीं होगा। निवेश में जल्दबाजी न करें। आय के नए स्रोत प्राप्त हो सकते हैं। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। प्रमाद न करें।

### कुंभ
स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। कोई भी महत्वपूर्ण निर्णय लेने में जल्दबाजी न करें। फालतू खर्च होगा। कर्ज लेना पड़ सकता है। आय में कमी होगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

### मीन
बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति हो सकती है। नौकरी में प्रभाव बढ़ेगा। यात्रा लाभदायक रहेगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड मनोनुकूल लाभ देगा। प्रसन्नता का वातावरण रहेगा।

## व्यापार समाचार

### सोना-चांदी में तेजी

# फिर 55 हजार के पार जा सकता है सोना



नई दिल्ली।

गुरूवार को सोना-चांदी के दाम में तेजी देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, सर्राफा बाजार में सोना 565 रुपए महंगा होकर 51,620 रुपए पर पहुंच गया है। वायदा बाजार की बात करें तो एमसीएक्स पर गुरूवार को दोपहर 2 बजे सोना 480 रुपए की गिरावट के साथ 51,090 रुपए पर ट्रेड कर रहा है।

**64 हजार के करीब पहुंची आई चांदी**

अगर चांदी की बात करें तो ये 1,122 रुपए महंगी होकर 63,660 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। एमसीएक्स गुरूवार को दोपहर 2 बजे ये 1,341 रुपए की गिरावट के साथ 63,455 रुपए पर ट्रेड कर रही है।

**अंतरराष्ट्रीय बाजार में 1,890 डॉलर पर पहुंचा**

अंतरराष्ट्रीय बाजार की बात करें तो सोना 1,890.24 अमेरिकी डॉलर प्रति औंस पर आ गया है। वहीं चांदी की बात करें तो ये 23.90 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही है।

# अप्रैल में वाहनों की खुदरा बिक्री 37 प्रतिशत बढ़ी

नई दिल्ली।

वाहन डीलरों के संगठन फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (फाडा) ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत में वाहनों की खुदरा बिक्री में 37 प्रतिशत तक की वृद्धि हुई है। यह वृद्धि पिछले साल अप्रैल माह की तुलना में है जब देश कोविड महामारी की दूसरी लहर से जूझ रहा था। फाडा ने कहा कि अप्रैल में सभी श्रेणियों में कुल 16,27,975 वाहनों की बिक्री हुई, जबकि इससे एक साल पहले समान अवधि के दौरान 11,87,771 वाहन बिके थे। सालाना आधार पर देखा जाए तो यात्री वाहनों और दोपहिया सहित सभी वाहन श्रेणियों में बिक्री पिछले साल अप्रैल की तुलना में इस साल बढ़ी है। पिछले महीने 2,64,342 यात्री वाहनों का पंजीकरण हुआ, जो एक साल पहले की समान अवधि की 2,10,682 इकाइयों से 25 प्रतिशत अधिक था। इसी तरह अप्रैल 2022 में 11,94,520 दोपहिया वाहनों की बिक्री हुई जो एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 38 प्रतिशत अधिक है।

# सेवा क्षेत्र की गतिविधियां अप्रैल में पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंची

नई दिल्ली।

कारोबारी गतिविधियों में तेजी आने और उससे रोजगार में नए सिरे से वृद्धि होने से सेवा क्षेत्र की गतिविधियों में सुधार आया है और अप्रैल में यह पांच महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई हैं।

मौसमी रूप से समायोजित एसऐंडपी ग्लोबल इंडिया सेवा पीएमआई कारोबारी गतिविधि सूचकांक अप्रैल में बढ़कर 57.9 पर पहुंच गया। मार्च में यह 53.6 पर था जो बढ़ती कीमतों के दबाव के बावजूद नवंबर के बाद से विस्तार की सबसे तेज दर दर्शाता है। यह लगातार नौंवा महीना है जब सेवा क्षेत्र में उत्पादन में विस्तार देखा गया है। 'परचेजिंग मैनेजर्स इंडेक्स' (पीएमआई) 50 से ऊपर गतिविधियों में तेजी को सूचित करता है जबकि 50 से नीचे गिरावट को



बताता है। एसऐंडपी ग्लोबल की इकनॉमिक्स एसोसिएट निदेशक पॉलिएना डि लीमा ने कहा, ''सेवा क्षेत्र के लिए पीएमआई आंकड़े ज्यादातर उत्साजनक हैं, वहीं मांग बढ़ने से नए कारोबारी प्रवाह और उत्पादन को मजबूती मिली।'' सर्वे में कहा गया कि निर्माण लागत के रिकॉर्ड ऊंचे स्तर पर पहुंचने के बावजूद भारतीय सेवा क्षेत्र में वृद्धि की रफ्तार लगातार बनी हुई है। बिक्री मूल्य जुलाई 2017 के बाद से सबसे तेज दर से बढ़ा है और मुद्रास्फीति बढ़ने से उपजी चिंताओं से कारोबारी भरोसा भी डगमगा रहा है। लीमा ने कहा, ''सेवा प्रदाताओं का कहना है कि उन्हें भोजन, ईंधन और कच्ची सामग्री के लिए अधिक भुगतान करना पड़ रहा है, कुछ ने कहा कि वेतन लागत बढ़ने से कुल खर्च भी बढ़ा है।

मुद्रास्फीति की कुल दर सर्वे की शुरुआत के बाद से दूसरी बार के उच्चतम स्तर पर है जिससे कंपनियों को बिक्री मूल्य बढ़ाना पड़ रहा है।'' सर्वे में कहा गया कि कोविड-19 की पाबंदियां हटने से उपभोक्ताओं की संख्या बढ़ गई और इस तरह मांग में भी काफी इजाफा हुआ है। रोजगार के मोर्चे पर कंपनियों ने अप्रैल में भर्ती जारी रखी और नंवबर के बाद से रोजगार में पहली बार वृद्धि हुई है। जिन कंपनियों ने अतिरिक्त कर्मियों को काम पर रखा उन्होंने कहा कि इसकी वजह नए कारोबार में जारी वृद्धि है। इस बीच समग्र पीएमआई उत्पादन सूचकांक मार्च के 54.3 से बढ़कर अप्रैल में 57.6 हो गया जो बीते पांच महीनों में सबसे तेज वृद्धि को दर्शाता है।

# रूस से 70 डॉलर प्रति बैरल से भी कम पर क्रूड लेना चाहता है भारत, क्रूड अभी 105 डॉलर से ऊपर

नई दिल्ली।

यूक्रेन पर हमले के बाद अमेरिका द्वारा लगाई गई पाबंदियों के कारण कई देश रूस से क्रूड खरीदने से बच रहे हैं, वहीं भारत की कोशिश है कि रूस से सस्ते दामों में ज्यादा से ज्यादा खरीदारी की जाए। ओपेक और अन्य तेल उत्पादकों से कच्चा तेल खरीदने में हो रहे नुकसान की भरपाई के लिए भारत रूस से भारी छूट लेने की फिराक में है।

**विदेशी मुद्रा बचाने का यह अच्छा मौका :** वैश्विक स्तर पर क्रूड के दाम इस समय लगभग 105 डॉलर प्रति बैरल के आसपास हैं, लेकिन भारत चाहता है कि रूस 70 डॉलर प्रति बैरल से कम दर पर क्रूड की सप्लाई करे। जरूरत का 85% से भी अधिक कच्चा तेल आयात करने वाले भारत के लिए विदेशी मुद्रा बचाने का यह अच्छा मौका है। फरवरी के बाद से भारतीय कंपनियों ने रूस से 4




करोड़ बैरल से अधिक क्रूड खरीदा है। यह 2021 की तुलना में 20% अधिक है।

**भारत महीने खरीद सकता है 1.5 करोड़ बैरल तेल खरीद :** रूसी सरकार के लिए भी कच्चा तेल आमदनी का बड़ा जरिया है। यदि रूस भारत के मांगे रेट पर तेल की डिलीवरी करने को राजी हो जाता है तो भारतीय तेल कंपनियां महीने के 1.5 करोड़ बैरल तेल खरीद सकती हैं जो कि कुल आयात का दसवां हिस्सा है। भारत और रूस कच्चा तेल डिलीवर करने के छोटे और आसान रास्ते की तलाश कर रहे हैं।

**ओपेक कच्चे तेल का उत्पादन बढ़ाने में विफल :** महामारी के बाद से सप्लाई बहाली के लिए संघर्ष कर रहे तेल उत्पादक देश अप्रैल में भी उत्पादन बढ़ाने में विफल रहे हैं। हालांकि इराक में क्रूड उत्पादन बढ़ा है, लेकिन लीबिया और नाइजीरिया जैसे देशों में उत्पादन घटा है। ओपेक लीडर सउदी अरब ने भी अपने कोटे के मुताबिक तेल उत्पादन में बढ़ोतरी नहीं की है।

# पेटीएम करीब 2.8 करोड़ कार्ड के लिए जारी कर चुकी है टोकन

नई दिल्ली।

पेटीएम का संचालन करने वाली डिजिटल वित्तीय सेवा कंपनी वन97 कम्युनिकेशन लिमिटेड अब तक 2.8 करोड़ कार्ड के लिए टोकन जारी कर चुकी है और उसने कार्ड संबंधी सुरक्षित आंकड़ों को 30 जून तक हटाने की संभावना जताई है। पेटीएम के संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी विजय शेखर शर्मा ने एक बयान में कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दिशानिर्देशों के अनुरूप ग्राहकों के कार्ड का टोकन नंबर जारी करने की व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने कहा कि पेटीएम पर इस्तेमाल होने वाले करीब 80 फीसदी सक्रिय कार्ड का टोकन जारी किया जा चुका है। शर्मा ने कहा, पेटीएम सुरक्षित ऑनलाइन भुगतान के लिए प्रतिबद्ध है और कार्ड का टोकन जारी करने की आरबीआई की पहल उस दिशा में एक बड़ा कदम है। टोकन व्यवस्था के तहत किसी ऑनलाइन भुगतान मंच पर इस्तेमाल होने वाले कार्ड का असली ब्योरा नहीं रखा जाएगा। असली कार्ड के ब्योरे का इस्तेमाल करने के बजाय इस टोकन का इस्तेमाल पीओएस मशीनों एवं क्यूआर कोड के जरिये भुगतान के समय बिना संपर्क में आए भी किया जा सकता है।

# श्यामपुरा के सियाग परिवार ने किया नेत्रदान



जुगल किशोर शर्मा

**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** परबतसर गुरुवार को लॉयन्स क्लब परबतसर के तत्वावधान में लॉयन रामेश्वर लाल टाक प्रान्तीय स्पेशल सेकेट्री आईओएल की प्रेरणा से ग्रामीण क्षेत्र श्यामपुरा में रहने वाले स्वर्गीय राम गोपाल सियाग के खेत में काम करते हुए असामयिक निधन पर उनके पुत्रों एवं समस्त सियाग परिवार तथा उपस्थित सभी रिश्तेदारों ने विपदा की इस घड़ी में साहसिक निर्णय लेकर नेत्रदान दान के निवेदन को स्वीकार कर तुरंत नेत्रदान की स्वीकृति प्रदान की तत्पश्चात आई बैंक अजमेर से भरत शर्मा से सम्पर्क कर नेत्रदान किया गया। सियाग परिवार ने नर सेवा नारायण सेवा की कहावत को चरितार्थ किया है। इस अवसर पर लॉयन रामेश्वर लाल टाक, लॉयन डॉ बी आर जांगिड़, पूनम चन्द, अजय व धीरज (पुत्र,) भरत कुमार शर्मा व टीम तथा पोकर राम डारा, आदि मौजूद रहे।

# नैत्र चिकित्सा फॉलोअप जांच शिविर में 43 रोगी हुए लाभान्वित

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** मुस्लिम एज्यूकेशनल एण्ड वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में छिपा रहमानिया मुस्लिम वेलफेयर सोसायटी के सौजन्य से जिला अन्धता निवारण समिति नागौर एवं एम.आर.एस. कुचामनसिटी के सहयोग से राजकीय चिकित्सालय कुचामनसिटी में गुरूवार को नैत्र चिकित्सा फॉलोअप जांच शिविर का आयोजन हुआ। गौरतलब है कि मरहूम रमजान मौलानी, सद्दीक मौलानी व इब्राहिम मौलानी की याद में 28 मार्च से 31 मार्च 2022 तक आयोजित निःशुल्क नैत्र शल्य चिकित्सा जॉच एवं लैंस प्रत्यारोपण शिविर में 43 रोगियों के ऑपरेशन हुए थे। एक महीने पश्चात गुरुवार को राजकीय चिकित्सालय के परिसर में स्थित नैत्र वार्ड में आयोजित नैत्र चिकित्सा फॉलोअप जॉच शिविर में सभी 43 मरीजों की डॉक्टर लुकमान खान की टीम के द्वारा उनकी ऑखों की पुनः जॉच कर चश्मे के नम्बर निकाल कर मरीजों को आवश्यक परामर्श देकर जरुरी हिदायतें दी गई। सोसायटी के सदर मोहम्मद शकील ने बताया कि नैत्र रोगियों को 24 मई रविवार को पुनः बुलाया गया है। उस दिन सभी मरीजों को ऑखों के चश्में वितरित किये जायेंगे।

**शिविर का किया अवलोकन :** भामाशाह हाजी अब्दुल हमीद मौलानी, हज्जन आबिदा बानो, मोहम्मद हुसैन मौलानी, डॉक्टर शकील अहमद राव, डॉक्टर ईशाक मोहम्मद देवड़ा ने शिविर का अवलोकन कर मरीजों की कुशलक्षेम पूछकर उनकी नैत्र ज्योति की जानकारी लेकर सन्तोष व्यक्त कर व्यवस्था की सराहना की। डॉक्टर की टीम में वरिष्ठ नर्सिंग ऑफिसर जाकिर हुसैन, सेवानिवृत्त मेल नर्स भंवरसिंह चौहान, नैत्र सहायक सुमन कुमावत, वार्ड बॉय मुरलीधर शर्मा, आनंद कुमार आदि थे।

### इन्होंने किया सहयोग

शिविर की व्यवस्था में सोसायटी के सदर मोहम्मद शकील, सेकेट्री अकीक अहमद, खजान्ची इमरान खान, हबीब मौलानी, सरवर तंवर, इकबाल खान, लियाक़त अली टॉक, बबलू टॉक, मानवाधिकार सुरक्षा परिषद् व न्यायीक मंच के नागौर जिला अध्यक्ष मुन्नालाल काछवाल एवं नर्सिंग छात्र रवि राहड़, चन्द्रशेखर, युवराज, विरेंद्र आदि ने सहयोग किया।

# मॉडल स्कूल में प्राइमरी स्कूल भवन बनकर तैयार, प्रवेश प्रकिया ठंडे बस्ते में



## सवा करोड़ लागत से बने भवन के लोकापर्ण के 2 माह बाद, वित्तिय स्वीकृति का इंतजार

रमेश जाजड़ा

**जायल( नागौर डेली न्यूज ) :** नये शिक्षा सत्र में सभी स्कूलों के प्राइमरी सेक्शन में प्रवेश प्रकिया शुरू हो चुकी है, लेकिन प्रदेश की टॉप मॉडल स्कूल में सुमार जायल की स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में प्राइमरी भवन बनने के बाद अब अभिभावकों को प्रवेश प्रकिया शुरू होने का इंतजार है। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में सवा करोड़ रुपये की लागत से प्राईमरी भवन का निर्माण हो चुका है और 2 माह पूर्व भवन का लोकार्पण विधायक डॉ मंजू देवी मेघवाल द्वारा फीता काटकर किया जा चुका है। लेकिन विभाग द्वारा प्रवेश प्रकिया की स्वीकृति के इंतजार में भवन के आज भी ताला लगा हुआ है। वही मॉडल स्कूल में नये सत्र के लिये माध्यमिक वर्ग तक प्रवेश प्रकिया पूर्ण हो चुकी है। वित्तिय स्वीकृति नहीं मिल पाने के चलते गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा वाले विद्यालय में प्रवेश को लेकर अभिभावक आज भी प्रवेश के इंतजार में है। स्वामी विवेकानंद राजकीय मॉडल स्कूल में प्राइमरी कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया नहीं होने से अभिभावक भी असमंजस में है। करोड़ों रूपये की लागत से बने भवन में प्रवेश प्रक्रिया को लेकर विद्यालय के प्रधानाचार्य भूपेंद्र कुमार मीणा ने बताया कि विभाग द्वारा भवन को हेंड ओवर कर लिया है एवं प्राथमिक स्तर के प्रवेश को लेकर फिलहाल आदेश नहीं मिला है।

# जिंदगी खूबसूरत है, प्यार के साथ जीना होगा : नेहरा

## डीडवाना में सीएलजी सदस्यों के साथ बैठक आयोजित

अबरार अली बेरी



**डीडवाना( नागौर डेली न्यूज ) :** जिंदगी बहुत खूबसूरत है। इसकी खूबसूरती बचाये रखने का जिम्मा हमारा है। प्रेम, स्नेह और सम्मान जीवन का मकसद बनाना होगा तभी हम सौहार्द और गंगा जमुनी तहजीब को स्थायी और कायम रख पाएंगे।

स्थानीय थाना परिसर में गुरुवार को आयोजित सीएलजी मीटिंग को संबोधित करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विमल सिंह नेहरा ने यह बात कही। नेहरा ने कहा कि एक जिम्मेदार व्यक्ती समाज में सामंजस्य, लोगों में प्यार और क्षेत्र में शांति बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि यह देश हम सबका है इसकी खुशहाली, शांति और उन्नति के लिए हमें सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना होगा।

**सोशल मीडिया पर रहेगी कड़ी निगरानी :** नेहरा ने सदस्यों से कहा कि सोशल मीडिया वर्तमान में सकारात्मक और नकारात्मक माहौल बनाने में बड़ी भूमिका निभा रहा है। हम इस पर उन ग्रुप, सदस्यों और पेज पर कड़ी निगरानी रख रहे है लेकिन यह हम अकेले से नहीं हो पायेगा इसके लिए बहुत ज्यादा जरूरी है कि आप सब इसमें सहयोग करे अपने बच्चों, दोस्तों और साथियों को इसके बेजा स्तेमाल से रोकना होगा। उन्होंने कहा कि किशोर अवस्था इससे ज्यादा प्रभावित है। हमें सावधान रहना होगा।

**भिखारियों और अनजान लोगों पर नजर रखनी होगी :** सी एल जी हाजी सलीम खान पठान व सदस्य बृह्म देव शर्मा ने कहा कि रेलवे स्टेशन पर ठहरने वाले भिखारी और अनजान लोगों पर कड़ी निगरानी रखनी होगी साथ ही सीसीटीवी का दायरा बढाना होगा । सदस्य अमजद एच पठान और सुरेश विमान ने कहा कि शांति व्यवस्था बनाये रखने के लिए एक दूसरे से मिलकर चलना होगा।

### यह रहे मौजूद

बैठक में वृताधिकारी भवानी सिंह, वृताधिकारी गोमाराम, वृत निरीक्षक राजेश डूडी, सुरेश वर्मा, रामा किशन माली, अमन पठान, पार्षद राकेश जांगिड़, नरेश उपाध्याय, किशन सरार्फ, शफी मोहम्मद, सुभाष गोड, शौकत अली, रमजान अली, कासम अली, जय शर्मा, योगी राज सहित काफी सदस्य उपस्थित रहे।

# 14 मई 2022 को आयोजित होने वाली लोक अदालत का किया प्रचार

जुगल किशोर शर्मा



**परबतसर( नागौर डेली न्यूज ) :** परबतसर ताल्लुका विधिक सेवा समिति के अध्यक्ष हनुमान सहाय जाट अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश संख्या 1 के निर्देशानुसार आदर्श विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय बागोट के विद्यार्थियों ने 14 मई 2022 को आयोजित होने वाली द्वितीय राष्ट्रीय लोक अदालत के प्रचार-प्रसार हेतु रैली निकाली। संस्था संचालक संग्राम सिंह के अनुसार रैली को विद्यालय परिसर से आरंभ किया गया जो कि बाजार, बस स्टैण्ड आदि स्थलों से गुजरते हुए विद्यालय परिसर में समाप्त हुयी। छात्रों ने लोक अदालत जायेंगे, विवादों को सुलझाएंगे एवं लोक अदालत का यह नारा, दोनों जीते कोई न हारा के माध्यम से जागृति फैलाई। इस अवसर पर संस्था के कार्मिक अवतार सिंह नरमा, नरसी लाल वैष्णव, चेनाराम गुर्जर, दिनेश सेन आदि रैली का हिस्सा बनें। इसके अलावा पीएलवी कैलाश चौधरी ने ग्राम पंचायत किनसरिया के गांव मांडण के नरेगा स्थल पर जाकर 14 मई 2022 को आयोजित होने वाली लोक अदालत का प्रचार-प्रसार किया। इसमें लोक अदालत से होने वाले लाभ वह समय की बचत के बारे में बताया। बाल विवाह को रोकने व इस कुप्रथा के दुष्प्रभाव को भी नरेगा कर्मियों को समझाया। तालुका विधिक सेवा समिति के सचिव छोटू राम गुर्जर ने बताया कि तालुका विधिक सेवा समिति परबतसर समय-समय पर इस प्रकार के शिविरों का आयोजन कर आम नागरिकों को जागरूक करती है।

# ग्वालू, खुड़खुड़ा क्षेत्र में डिस्कॉम की बड़ी कार्रवाई, दो अवैध ट्रांसफार्मर जब्त

## 11 पोल की अवैध लाइन हटाई, 13 अवैध ट्यूबवेलों के कनेक्शन काटे

फखरूद्दीन खोखर



**मूण्डवा( नागौर डेली न्यूज ) :** अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के निर्देशानुसार मूंडवा डिस्कॉम की टीम ने गुरुवार को तत्काल कार्यवाही करते हुए दो ट्रांसफार्मर अवैध जब्त किए और 11 पोल की अवैध लाइन को हटाया। सहायक अभियंता महेंद्र गोदारा ने बताया कि नागौर मुख्यालय के निर्देशानुसार गुरुवार को बिजली चोरी के खिलाफ अभियान चलाया गया। उन्होंने बताया कि पिछले सप्ताह भी 2 अवैध ट्रांसफार्मर इसी क्षेत्र में जप्त किए गए और उस टाइम भी किसानों से निवेदन किया गया कि अवैध कनेक्शन को आप वैद्य करवाएं, मगर बिजली चोरों ने डिस्कॉम के आदेश को अनसुना कर दिया। ऐसे में गुरुवार को दो ट्रांसफार्मर जब्त कर के 11 पोल की अवैध लाइन को हटाया गया और 13 अवैध ट्यूबवेलों के कनेक्शन काटे गए और इन सभी के खिलाफ वीसीआर भरकर साढ़े चार लाख की जुर्माना भरा गया। उन्होंने एक बार फिर किसानों से आग्रह किया है कि बिजली चोरी एक अपराध है और आपको हाथों-हाथ कनेक्शन लेकर वैद्य कनेक्शन करवाएं। निगम का लक्ष्य हैं कि सुचारू रूप से किसानों और ग्रामीणों को बिजली मिले ,उन्होंने बताया कि बिजली चोरों के खिलाफ यह कार्रवाई सभी जगह जारी रहेगी। इस मौके पर क्षेत्र के कनिष्ठ अभियंता पवन कुमावत, कैलाश भाकर और कार्मिक विजय, हेमंत बांता, विक्रम सेन, सरवण जांगिड़, रणजीत, रामचंद्र इनाणा और श्रवण टीम के साथ थे।

# रविन्द्र कुमार ने संभाला डेगाना एसडीएम का चार्ज

शौकत खान



**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना एसडीएम मुकेश चौधरी का तबादला होने के बाद रिक्त पड़ी एसडीएम की सीट पर जायल के एसडीएम रविन्द्र कुमार को डेगाना के एसडीएम का अस्थाई कार्य भार सौंपा है। इस पर गुरूवार को रविन्द्र कुमार ने जायल उपखण्ड अधिकारी के साथ-साथ डेगाना उपखण्ड अधिकारी का कार्यभार संभाला। कार्यभार संभाले जाने के बाद रविन्द्र कुमार ने कार्मिकों से मिलकर उपखण्ड क्षेत्र की जानकारी ली आवश्यक दिशा निर्देश दिये। ज्ञात रहे रविन्द्र कुमार पूर्व में डेगाना के उपखण्ड अधिकारी के रूप मे दो साल कार्य कर चुके थे।

# गौशाला में मनाई वैवाहिक वर्षगांठ, गायों को चारा व मतीरे खिलाएं

## विराग महिला मंडल ने दंपती को किया सम्मानित

सद्दाम रंगरेज



**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** कुचामन के एक दंपती ने अपनी वैवाहिक वर्षगांठ को होटल के बजाय यहां बीड गौशाला में सादगीपूर्ण तरीके से मनाया। इस दौरान दंपती परिवार की तरफ से गायों को हरा चारा व मतीरे खिलाए गए।

यह कार्यक्रम विराग महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित हुआ। मंडल की मंत्री पूर्व पार्षद बरखा जैन ने बताया कि शहर के दंपती अशोक काला व सुशीला काला ने विराग महिला मंडल के सानिध्य में अपनी शादी की सालगिरह गायों की सेवा करके मनाई। इस पर बीड़ गौशाला में गुरुवार सुबह काला दंपती के साथ विराग महिला मंडल के तत्वावधान में गौ माता की सेवा करते हुए उन्हें हरा चारा तथा बड़ी संख्या में मतीरे खिलाए गए। इस दौरान विराग महिला मंडल शादी की सालगिरह पर अशोक काला और सुशीला काला को वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनां दी तथा दोनों का दुपट्टा व साफा पहनाकर बहुमान किया गया।

### गौशाला अध्यक्ष ने किया आभार ज्ञापित

इस मौके पर सीमा काला, प्रदीप काला, अनीष काला, पव्वली काला, आयुषी काला, गरिमा काला मौजूद थीं। इस मौके पर गौशाला अध्यक्ष नंदकिशोर बिड़ला का भी विराग महिला मंडल ने आभार ज्ञापित किया। महिलाओं ने बीड़ गौशाला का भ्रमण किया और यहां की व्यवस्थाएं देखी और गो सेवा के लिए गौशाला प्रबंधन की सराहना की। अंत में विराग महिला मंडल की अध्यक्ष शोभा रांवका और मंत्री बरखा जैन ने सभी का आभार ज्ञापित किया। इस दौरान विराग महिला मंडल की बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद थीं। सभी ने गायों को हरा चारा व मतीरे खिलाए।

# विद्युत आपूर्ति में सुधार हेतु लगातार प्रयास जारी : अध्यक्ष डिस्कॉम

जयपुर।

राजस्थान डिस्कॉम्स के अध्यक्ष भास्कर ए. सावंत ने बताया कि प्रदेश में बिजली आपूर्ति व्यवस्था में सुधार कर विद्युत उपभोक्ताओं को पर्याप्त बिजली की आपूर्ति के लिए राज्य सरकार व विद्युत निगमों द्वारा लगातार प्रयास किए जा रहे है। सावंत ने बताया कि बिजली की अत्यधिक मांग बढने व उपलब्धता में कमी के चलते 28 अप्रेल से सम्भागीय मुख्यालयों, जिला मुख्यालयों, नगरपालिका क्षेत्रों एवं 5 हजार से अधिक आबादी वाले गावों में शिड्यूल के अनुसार बिजली कटौती लागू की गई थी।

# 13 मई को सभी जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन की चेतावनी



## -विभिन्न मांगों को लेकर शिक्षक संघ शेखावत ने सौंपा ज्ञापन

कमल सैन

**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** कस्बे की उपतहसील कार्यालय में शुक्रवार को राजस्थान शिक्षक संघ शेखावत उपशाखा मौलासर ने अपनी मांग रखते हुये नायब तहसीलदार को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपा गया। ज्ञापन में बताया कि सरकार के साढ़े तीन साल होने के बाद ना तो शिक्षकों के लिए स्थायी स्थानंतरण नीति बनाई गई न ही विधिवत प्रक्रिया शुरू की गई। वहीं ज्ञापन में बताया कि तृतीय श्रेणी के शिक्षकों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। ज्ञापन देते हुये बताया कि शिक्षकों के लिए अविलंब भ्रष्टाचार मुक्त, पारदर्शी स्थानांतरण नीति लागू करते हुए 17 मई से 24 जून तक स्थानांतरण प्रक्रिया पूर्ण की जावे तथा संगठन के 17 सूत्री मांग पत्र पर संगठन से द्विपक्षीय वार्ता के शिक्षकों की वाजिब मांगों का निस्तारण किया जाए।

यदि सरकार ने इसे गंभीरता से नही लिया तो 13 मई को सभी जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर विरोध दर्ज करवाया जाएगा। वहीं 18 मई को जयपुर में विरोध प्रदर्शन किया जाकर शिक्षकों की मांगों को उठाया जाएगा।

ज्ञापन देने में अध्यक्ष बोदुराम गोदारा, मंत्री रमेश बिजारणियां, शिवदान थोरी, श्रीभगवान सेवदा, नेमाराम शर्मा, हरिराम बुगालिया, संतोष कुमार ज्ञापन देने में उपस्थित रहे।

# होटल में देह व्यापार करते चार युवतियां व दो युवकों को दबोचा

## कुचेरा पुलिस ने बुटाटी में दबिश देकर किया वैश्यावृती का भांडा फोड़

कुचेरा(नागौर डेली न्यूज) :



बुटाटी के एक होटल पर दबिश देकर पुलिस ने देह व्यापार का भंडा फोड़ किया है। पुलिस ने 4 युवतियों व 2 युवकों को अवैध देह व्यापार के मामले में गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक राममूर्ति जोशी व अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक राजेश मीणा के निर्देशन तथा मुंडवा वृताधिकारी विजय कुमार सांखला के नेतृत्व में थानाधिकारी राजपाल सिंह राठौड़ ने पुलिस टीम के साथ बुटाटी में अजमेर रोड़ स्थित एक होटल पर दबिश दी। यहां एक बिहार व तीन पश्चिम बंगाल की युवतियों व दो युवकों को अवैध देह व्यापार के आरोप में गिरफ्तार किया। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने होटल पर दबिश देकर आरोपियों को पकड़ा। इनको पुलिस थाने लाकर करीब तीन घंटे तक पूछताछ की गई। उसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है।

### इनकी हुई गिरफ्तारी

पुलिस कार्रवाई में बिहार के भागलपुर निवासी रुखसाना, 26 परगना पश्चिम बंगाल निवासी मुस्लिमा खातून, बुरहानपुर पश्चिम बंगाल निवासी पुष्पा देवी, शबीना खातून तथा युवतियों से अवैध देह व्यापार करवाने वाले मदनगंज किशनगढ़ निवासी रुपसिंह रावणा राजपूत व डांगावास निवासी चौथाराम जाट को गिरफ्तार किया है।

### ऐसे चलता था अवैध धंधा

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी रुपसिंह पहले मेड़तासिटी में अवैध देह व्यापार करवाता था। वहां पकड़े जाने के बाद उसने चौथाराम जाट के साथ मिलकर बुटाटी सरहद में राष्ट्रीय राजमार्ग 89 पर ही सालासर दरबार होटल में अवैध देह व्यापार शुरू कर दिया। यहां आने वाले लोगों से नगद वसूली कर अवैध धंधा कर रहे थे। पेट्रोल पम्प संचालक की होटल को कथित रूप से किराए पर लिया हुआ था।

## आज से शुरू हो जाएगा कुचामन का नवीन आधुनिक बस स्टैण्ड





### सिटी पार्किंग के रूप में काम आएगा पुराना बस स्टैण्ड

सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज )।** कुचामन शहर के लोगो के लिए इंतजार की घड़ियां खत्म हो चुकी है। रोडवेज बस स्टैण्ड अब कल यानि शुक्रवार से स्टेडियम के पास बने नए बस स्टैण्ड पर स्थानान्तरित हो जाएगा। नगर परिषद कुचामनसिटी आयुक्त श्रवणराम चौधरी से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार 6 मई से राजकीय स्टेडियम के पास बने कुचामनसिटी के नवनिर्मित आधुनिक बस स्टैण्ड से रोडवेज बसों का संचालन किया जाएगा। पुराने बस स्टैण्ड एवं गांधी चौक को अस्थाई सिटी पार्किंग के लिए आरक्षित किया गया है एवं इस स्थान से सभी प्रकार की यात्री बसों व टैक्सियों का संचालन निषेध रहेगा। नगरपालिका अध्यक्ष आसिफ खान ने बताया कि कल से सभी आम नागरिक राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की बसों की सेवाओं के उपयोग हेतु स्टेडियम के पास नवनिर्मित आधुनिक बस स्टैण्ड पर जाये।

**इनका कहना है-**

'शहरवासियों का इंतजार खत्म हुआ है। नवीन रोडवेज बस स्टैण्ड की शुक्रवार से विधिवत शुरूआत हो जाएगी। यह आधुनिक बस स्टैण्ड करीब 2 बीघा जमीन पर बना है जो संभाग स्तरीय है। यहां कुल 79 दुकानों का पालिका ने निर्माण करवाया है जिसमें से 40 दुकानें निलाम की जा चुकी है। शीघ्र ही बाकी दुकानों की ऑक्शन प्रक्रिया शुरू करेंगे। इस आधुनिक बस स्टैण्ड पर करीब 10 करोड़ रूपयों की लागत आई है। 3 करोड़ 80 लाख का रेवन्यू दुकानों से पालिका को अब तक प्राप्त हो चुका है।' आसिफ खान, सभापति, नगर परिषद कुचामनसिटी।

# शांति व्यवस्था हर हाल में रखी जायेगी कायम : नेहरा

## साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने वालों को किया चिन्हित

अबूबकर बल्खी



**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ):** जोधपुर में हुए साम्प्रदायिक तनाव प्रकरण से सबक लेते हुए नागौर एसपी राममूर्ति जोशी ने ऐसे हालात से निपटने के लिए पूर्व तैयारी करते हुए नागौर जिले में शांति व्यवस्था से जुड़ी सीएलजी बैठक का आयोजन करने के निर्देश दिए हैं, जिसके तहत गुरुवार को आयोजित हुई बैठक में सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट करने व आपसी भाईचारे के दुश्मनों को चिन्हित करते हुए उनपर कार्रवाई का निर्णय लिया गया है। लाडनूँ पँचायत समिति सभागार में आयोजित सीएलजी बैठक में अपने विचार रखते हुए ठेकेदार अलानुर लंगा ने कहा कि किसी भी धर्म से जुड़ा पर्व आने पर झंडिया लगाने व प्रचार सामग्री को अपने क्षेत्र तक ही सीमित रखा जाए। बैठक में उपस्थित सदस्यों ने चौराहों, बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन, बाजार व सार्वजनिक स्थानों पर किसी प्रकार का धार्मिक प्रचार नहीं कर सिर्फ तिरंगा झंडा लगाने की अनुमति देने की मांग की।

**समाज में द्वेषता फैलाने वालों को किया जा रहा पाबन्द :** डीडवाना एडिशनल एसपी विमल सिंह नेहरा ने बताया कि सोशल मीडिया, वाट्सप ग्रुप व फेसबुक आदि में जुड़े विदेश बैठे लोग बिना जानकारी के अनर्गल कमेंट कर रहे हैं वे घटना से जुड़ी आधी अधूरी जानकारी सोशल प्लेटफॉर्म पर डालकर शहर की शांति व्यवस्थाओं को खराब करने को तुले हुए हैं। दोनों समाज में द्वेषता फैलाने की मंशा रखने वाले ऐसे एक दर्जन से अधिक लोगों की सूची बनाई गई है। वंही साम्प्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने वाले कमेंट से भरे आधा दर्जन वाट्सप ग्रुप को चिन्हित कर उनके एडमिन को पाबन्द किया जा रहा है।

सीआई राजेन्द्र सिंह कमांडो ने बताया कि एक दर्जन से अधिक जनों के खिलाफ धारा 108 में कार्रवाई करने उन्हें नोटिस जारी कर उनके खिलाफ इस्तगासा दायर करने की तैयारी कर ली गई है। कमांडो ने बताया कि सीएलजी कमेटी में लम्बे समय से जुड़े हुए निष्क्रिय सदस्यों को अब हटाकर 30 प्रतिशत नए सदस्यों को जोड़ा जाएगा जो समाज मे अपना प्रभाव एंव सक्रियता रखते हों। उनको शहर की शांति व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग करने व समाज कंटकों की सूचना देते रहने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

**ये रहे मौजूद**

इस मौके पर एडिशनल एसपी विमल नेहरा, डीडवाना डिप्टी गोमाराम बिजारणियां, सीआई राजेन्द्रसिंह , शहरकाजी मुहम्मद अयूब मदनी, पार्षद सुमित्रा आर्य, ठेकेदार अलानुर लंगा, अयूब खान मोयल, जगदीश पारीक, पार्षद श्याम सुंदर, पार्षद मुनसफ खान, पार्षद वसीम अकरम, मनोनीत पार्षद शांतिलाल रैगर, एडवोकेट नरेंद्र भोजक, सवाई सिंह, रामेश्वरलाल जाट, जयप्रकाश जेपी माली, रमेश सिंधी, ईदगाह कमेटी अध्यक्ष शबीर खान लाडवान, बलजी बिसायती, सुशील पीपलवा, मुमताज चौपदार आदि मौजूद रहे व प्रशासन से शहर का आपसी सौहार्द बनाये रखने के लिए समाज कंटकों पर कार्यवाही करने की अपील की।

## डेगाना अस्पताल मे 80 लाख से उच्च श्रेणी की बीपीएचयू लैब का होगा निर्माण



### जयपुर से आई टीम ने लेब के लिए जमीन का किया सर्वे

शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** डेगाना के सामूदायिक अस्पताल में शीघ्र ही एक उच्च श्रेणी की अत्याधुनिक लेंब का निर्माण होगा, जिसमें अस्पताल में आने वाले जरूरतमंद मरीजों की लगभग सभी प्रकार की जांचे डेगाना में ही होगी। इसके लिए मरीजों को अजमेर, जयपुर ओर जोधपुर जैसे बड़े शहरों में नहीं जाना पड़ेगा। जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. मेहराम महिया ने बताया कि यह डेगाना विधायक के लगातार प्रयासों से सरकार ने नागौर जिले मे एक मात्र डेगाना अस्पताल में इस लेंब के निर्माण के लिए 80 लाख रूपयों की स्वीकृति प्रदान की है, जिसके निर्माण के लिए अस्पताल परिसर मे भूमि का सर्वे ओर चयन करने के लिए गुरूवार को जयपुर से विशेष टीम ने आकर मौका मुआयना किया। बीसीएमओ डॉ. रामकिशोर सारण ने बताया की लैब में एपीडिमियोलॉजिस्टिक की पोस्ट के अलावा लैब टेक्नीशियन समेत पांच पद होंगे, जिसमें विभिन्न तरह की जांचों के साथ कुल 98 तरह की जांचे होगी।

## पैसों के लेनदेन से तंग आकर आत्महत्या के मामले में मुख्य आरोपी को पुलिस ने दबोचा

जुगल दायमा



**हरसौर( नागौर डेली न्यूज ) :** ग्राम भकरी में गत महीने पैसों के लेनदेन से तंग आकर एक व्यक्ति द्वारा आत्महत्या करने के मामलें में गुरुवार को पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार लिया। आरोपी पिछले डेढ़ महीने से फरार चल रहा था। ग्रामीणों द्वारा इस मामले में आक्रोश व्यक्त करने के बाद पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए आरोपी आशाराम साटिया को गिरफ्तार किया। आरोपी को पुलिस शुक्रवार को न्यायालय में पेश करेगी। पुलिस ने मृतक के पास मिले सुसाइड नोट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

**ये है मामला :** जानकारी के मुताबिक ग्राम भकरी निवासी हैप्पीचंद(53) पुत्र रामप्रसाद हरिजन ने विषाक्त खाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के पास मिले सुसाइड नोट में गाँव के ही आशाराम साटिया नामक व्यक्ति पर पैसों के लेनदेन का आरोप था। मृतक के बेटे राकेश की रिपोर्ट पर मुल्जिम के खिलाफ आईपीसी की धारा 306 के तहत मामला दर्ज किया था।

**ब्याज खोरी के धंधे पर लगे अंकुश :** गांव के व्यक्ति द्वारा आत्महत्या करने के बाद सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण गुरुवार रात आक्रोश जताने पीलवा थाने पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में लंबे समय से 20-25 सैकड़ा से ब्याज का धंधा किया जा रहा है।

जिससे गरीब लोगों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। ग्रामीणों ने गांव में लंबे समय से चल रहे इस गोरखधंधे पर अंकुश लगाने की मांग की है। सरपंच अख्तर हुसैन की अगुवाई में सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण थाने पहुंचे तथा आरोपी खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की। इस दौरान कानाराम बंजारा,रूपसिंह खींची,मनोज राव,गुलजार देशवाली, किशनलाल,हमीद स्या, सदरुद्दीन कुरैशी,कुंदनमल माली, भूराराम प्रजापत,सरवर तेली, बालूराम रेगर,कैलाश हरिजन, विक्रम,श्रवण कुमार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

## अज्ञात बीमारी के चलते दर्जनों कौवों की हुई मौत

### मेडिकल टीम ने करवाया पोस्टमार्टम



अबूबकर बल्खी

**लाडनूँ( नागौर डेली न्यूज ) :** तहसील के ग्राम कसुंबी में अज्ञात कारणों के चलते पिछले 3 दिनों से भारी तादाद में ,कौवे मर रहे हैं जिसके चलते पेड़ों के नीचे मृत कौवों की चादर सी बिछ गई है। पंचायत समिति सदस्य ओम प्रकाश बागड़ा ने बताया कि कसूम्बी अलीपुर के पास तालाब पर नीम के पेड़ के नीचे अलग अलग जगहों पर पिछले 3 दिनों में करीब 100 से ज्यादा कौवे मर चुके हैं, जिसकी सूचना पशु विभाग के चिकित्सकों एंव वन विभाग की टीम को दी गई इसके बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों से जानकारी जुटाई व मृत 8 कौवो का सेम्पल लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया गया है।

## विभागीय अधिकारी कृषि बजट घोषणाओं पर विशेष ध्यान दें : काना राम

**जयपुर।** कृषि विभाग के आयुक्त काना राम ने निर्देश दिए कि राज्य में पहली बार किसानों के हितार्थ अलग से कृषि बजट बनाया गया है, इसलिए विभागीय अधिकारी कृषि बजट घोषणाओं पर विशेष ध्यान दें। श्री काना राम गुरूवार को पंत कृषि भवन में राज्य के जिला कृषि अधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। कृषि आयुक्त ने खरीफ वर्ष 2022 के लिए आवश्यक बीज एवं उर्वरक की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि किसानो के लिए खाद्य, बीज एवं कीटनाशकों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जायें ताकि किसान लाभान्वित हो सकें।

## फसल से हुए नुकसान का सर्वे करने कृषि विभाग की टीम पहुंची नंगवाड़ा



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** निकटवर्ती ग्राम पंचायत नंगवाड़ा में गुरूवार को उप निदेशक कृषि विस्तार जिला नागौर द्वारा गठित कमेटी ग्राम पंचायत क्षेत्र नंगवाड़ा में प्याज की फसल में हुए नुकसान का सर्वे करने पहुंची। भीषण गर्मी व अघोषित बिजली कटौती की वजह से ग्राम पंचायत क्षेत्र में प्याज की फसल लगभग 70 प्रतिशत नष्ट हो चुकी है। पिछले दिनों ग्रामीणों की मांग पर सरपंच मनोज लोरा ने जिला कलक्टर नागौर व कृषि विभाग के अधिकारियों को प्याज की फसल का सर्वे करवाकर मुआवजे की मांग हेतु पत्र लिखा था जिसके आधार पर कृषि उपनिदेशक नागौर ने सर्वे के लिए टीम गठित की। सर्वे टीम में मोहनलाल सहायक निदेशक उद्यान विभाग नागौर, डॉ. लिखमाराम चौधरी कृषि वैज्ञानिक मौलासर, डॉ. पी.डी. चौधरी कृषि अधिकारी कुचामनसिटी व राजेन्द्र ढाका सहायक कृषि अधिकारी कुचामन, रूपाराम सुण्डा कृषि पर्यवेक्षक नगवाड़ा शामिल रहे।

## श्यामप्रताप सिंह रूवा का कुचामन पहुंचने पर किया स्वागत



सद्दाम रंगरेज

**कुचामनसिटी( नागौर डेली न्यूज ) :** डीडवाना के दिग्गज जनप्रतिनिधि श्यामप्रतापसिंह रूवा हॉल ही में भाजपा ज्वाइन करने के बाद गुरूवार को पहली बार कुचामनसिटी आए।

यहां मेघा प्रोपर्टीज ग्रुप में रूवा का युवाओं ने जोरदार अभिनन्दन किया। इस दौरान रूवा ने कहा कि वे भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर पार्टी में शामिल हुए हैं तथा पार्टी के लिए पूरी शिद्दत के साथ काम करेंगे।

इस मौके पर दिनेश सिंह पावटा, महावीर सिंह डेगाना, शक्ति सिंह टोरडा, रविन्दर सिंह, नरेन्द्र सिंह जुसरी आदि लोग उपस्थित थे।

## भारत विकास परिषद ने शहर में लगाऐ परिंडे



शौकत खान

**डेगाना( नागौर डेली न्यूज )।** भारत विकास परिषद डेगाना कि ओर से डेगाना में पक्षियों के लिए जगह-जगह पर परिंडे लगाये। डेगाना के हास्पिटल रोड पर सभी पेड़ों पर परिंडे लगाये गये। भारत विकास परिषद के मीडिया प्रभारी माणक तोषनीवाल ने बताया कि साथ ही तहसील रोड पर भारत विकास परिषद द्वारा लगाये पेड़-पौधों की सफाई एवं पानी भी डाला गया ओर पेडों का समय-समय पर सार सम्भाल के बारे में भी जिम्मेदारी ली। डॉ. आर.के. चौधरी की अध्यक्षता में डेगाना में प्याऊ लगाने का भी प्रस्ताव पास किया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद अध्यक्ष डॉ. आर के चौधरी, डॉ. एस एन माहेश्वरी, श्रीकिशन जांगु, के.सी. माथुर, रमेश तापडिया, गिरिवर सिंह, भानु टाक, मांगीलाल तोषनीवाल, माणक तोषनीवाल सहित वरिष्ठ नागरिक सेवा समिति के अध्यक्ष कन्हैयालाल स्वर्णकार, गिरवर सिंह, गेन मोहम्मद, गनी मोहम्मद, छोटु टाक सहित लोग उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी को देखते हुए गर्ल्स स्कूल व गणेश मंदिर में लगाये परिंडे

हितेश रारा

**मारोठ( नागौर डेली न्यूज ) :** कस्बे की गर्ल्स स्कूल परिसर व गणेश मंदिर परिसर में वरिष्ठ अध्यापक मंगल चन्द घोसलिया ने भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षियों के लिए परिंडे लगाये। आंगनबाडी कार्यकर्ता संगीता कुमावत सहित सभी पक्षी मित्रों ने परिंडों की नियमित देखभाल का संकल्प लिया।

भीषण गर्मी में पक्षियों की स्थिति को देखते हुए पक्षी-मित्र अभियान से प्रेरित हो शिक्षकों ने परिंडे लगाये। प्रिंसिपल सीमा सुण्डा ने बताया कि गुरूवार को विद्यालय के शिक्षक मंगल चन्द ने स्कूल परिसर व गणेश मंदिर परिसर में अलग-अलग जगह परिंडे लगाये हैं।

## असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखें

### मौलासर थाने में शांति समिति की बैठक सम्पन्न

कमल सैन



**मौलासर( नागौर डेली न्यूज )।** थाने परिसर में गुरूवार को शांति समिति की बैठक एडिशनल एसपी विमल नेहरा, डीडवाना डिप्टी गोमाराम चौधरी व थानाधिकारी जसवंत देव की मौजूदगी में सम्पन्न हुई। बैठक में असमाजिक तत्वों पर पैनी नजर रखने की बात कही। वहीं ऐसी कोई भी बात होने पर तुरंत पुलिस को सूचना दें। एडिशनल एसपी विमल नेहरा व डिप्टी गोमाराम चौधरी ने बताया कि इन दिनों में जोधपुर शहर में घटित साम्प्रदायिक घटना को मध्यनजर देखते हुए क्षेत्र में शांति बनाने की अपील की गई। वहीं अधिकारियों ने कहा कि लोगों की बात पुलिस तक पहुंचाने की कड़ी सीएलजी सदस्यों की होती है। वहीं पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में सीसीटीवी कैमरा होगा तो अपराधी पर रोक आसानी से लग सकता है। इस मौके पर हैड कांस्टेबल श्यामलाल ताऊ, मौलासर सरपंच जोगेंद्र बलारा, किशन मुंड, मानाराम तारपुरा, भागीरथराम बलारा, अयूब खां, बृजपाल सांखला, कैलाश सोनी, सेवा सरपंच टवर सिंह, कल्याण प्रसाद धनकोली, नारायण राम बिजारणियां, उम्मेद खां भदलिया सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एंव संपादक सद्दाम द्वारा नेशनल प्रिंटर्स, लोहा मंडी, डीडवाना से मुद्रित तथा घाटी कुआँ, छीपा मोहल्ला, कुचामनसिटी, जिला नागौर (राज.) से प्रकाशित। मोबाइल नम्बर 7737211664 Email-nagaurdaily0@gmail.com